# औद्योगिक क्षेत्रों में होंगे विकास कार्य

## बदलेगी सूरत

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर उद्योगपुरम को विश्वस्तीय औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए 60 करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू हो गए हैं। यह सौगात कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने दो साल पहले उद्योगपुरम आकर उद्यमियों को दी थी। अब प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्पोर्ट्स गुड्स कॉम्पलेक्स के विकास कार्यों की कार्ययोजना बनेगी। चार जून को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी मेरठ आएंगे और सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़ के उद्यमियों से संवाद करेंगे।

औद्योगिक क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने और निवेश के लिए अनुकूल बनाने को कायाकल्प किया जा रहा है। 40 करोड़ से उद्योगपुरम और यहां से सटे पुराने यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अभी कार्यों की रफ्तार धीमी है। करीब एक साल में कार्य पूरे हो पाएंगे। यूपीसीडा की ओर से चार जून को उद्यमी समाधान दिवस की तैयारी की जा रही हैं। बतौर मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी आएंगे। उम्मीद है दो साल पहले की तरह इस सम्मेलन में वह मेरठ के साथ सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और हापुड़ के उद्यमियों को सौगात देंगे।



चार को आएंगे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी

## इनका कहना

प्रदेश सरकार का प्रयास है सूबे को प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जाए। प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों जो पूर्व में नगर निकायों के अंतर्गत रखरखाव में थे, इनको पुन: यूपीसीडा को सौंपने का निर्णय लिया है। नीतियों और प्रक्रिया में भी निरंतर सुधार किया जा रहा है

**– राकेश झा**, आरएम यूपीसीडा

उद्यमी समाधान दिवस के माध्यम से औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी प्रदेशभर में यूपीसीडा के क्षेत्रीय कार्यालयों में उद्योगपतियों से संवाद कर रहे हैं। दो साल पहले कैबिनेट मंत्री मेरठ आए थे और उद्योगपुरम को तोहफा दिया था। 40 करोड़ की लागत से यहां विकास कार्य कराएं जा रहे हैं।

**– निपुण जैन**, अध्यक्ष पीमा